भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2973

15 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों का विलय

2973. श्री कल्याण बनर्जी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील एक्जीक्यूटिव्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एस.ई.एफ.आई.) ने देश में सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात इकाइयों के रणनीतिक विलय की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो इस पर प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके लिए देश में सेल पी.एस.यू. के रणनीतिक विनिवेश की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर इस्पात संयंत्रों के मिश्र धातु इस्पात संयंत्र में विलय के प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (घ): सरकार ने दिनांक 27.10.2016 को एक रणनीतिक क्रेता को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की 3 (तीन) इकाइयों [अर्थात् सेलम इस्पात संयंत्र (एसएसपी), सेलम; विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र (वीआईएसपी), भद्रावती और अलॉय इस्पात संयंत्र (एएसपी), दुर्गापुर] के रणनीतिक विनिवेश हेतु 'सैद्धांतिक' निर्णय लिया है। इस्पात सीपीएसई के रणनीतिक विनिवेश/विलय के संबंध में समय-समय पर अभ्यावेदन प्राप्त होते रहे हैं। सरकार दिनांक 27.01.2021 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित नई पीएसई नीति, जोकि दिनांक 04.02.2021 को अधिसूचित की गई थी, द्वारा निर्देशित है।

****